146

विषय कोड : Subject Code : **321**

723-0590755
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# INTERMEDIATE EXAMINATION-2025
# इन्टरमीडिएट परीक्षा – 2025

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**F**

## ( ANNUAL / वार्षिक )

## HISTORY ( ELECTIVE )
## इतिहास ( ऐच्छिक )

## I. A.

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138

**Total Questions : 100 + 30 + 8 = 138**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 40

**Total Printed Pages : 40**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)

[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है । आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है । अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें ।* **50 × 1 = 50**

*Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered. You have to mark, your selected option, on the OMR sheet.* *50 × 1 = 50*

1. विजयनगर साम्राज्य का पहला राजवंश क्या कहलाता था ?

   (A) संगम (B) सुलुव

   (C) तुलुव (D) अराविदु

   What was the first dynasty of the Vijayanagara empire called ?

   (A) Sangama (B) Saluva

   (C) Tuluva (D) Aravidu

2. कृष्णदेवराय किस राजवंश के शासक थे ?

   (A) सुलुव (B) अराविदु

   (C) संगम (D) तुलुव

   Krishnadevaraya was the ruler of which dynasty ?

   (A) Saluva (B) Aravidu

   (C) Sangama (D) Tuluva



BiharboardQuestionpaper.com

3. राक्षसी-तांगड़ी का युद्ध (तालीकोटा युद्ध) कब हुआ था ?

(A) 1560 (B) 1563

(C) 1565 (D) 1640

When did the battle of Rakshasi-Tangadi (Talikota battle) take place ?

(A) 1560 (B) 1563

(C) 1565 (D) 1640

4. उड़ीसा के गजपति वंश की स्थापना कब हुई ?

(A) 1206 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1435

When was the Gajapati dynasty of Orissa established ?

(A) 1206 (B) 1336

(C) 1347 (D) 1435

5. पुर्तगालियों ने गोवा पर कब विजय प्राप्त की ?

(A) 1498 (B) 1509

(C) 1510 (D) 1526

When did the Portuguese conquer Goa ?

(A) 1498 (B) 1509

(C) 1510 (D) 1526



BiharboardQuestionpaper.com

6. विजयनगर की यात्रा करने वाला अफ़ानासी निकितिन किस देश का व्यापारी था ?

(A) पुर्तगाल (B) इटली

(C) रूस (D) स्पेन

Afanasii Nikitin, who visited Vijayanagara was a merchant of which country ?

(A) Portugal (B) Italy

(C) Russia (D) Spain

7. 'महानवमी डिब्बा' क्या है ?

(A) मन्दिर (B) महल

(C) विशालकाय मंच (D) पर्वत

What is 'Mahanavami dibba' ?

(A) Temple (B) Palace

(C) Massive platform (D) Mountain

8. विजयनगर की मातृदेवी कौन थी ?

(A) पम्पादेवी (B) पार्वती

(C) काली (D) दुर्गा

Who was the mother goddess of Vijayanagara ?

(A) Pampadevi (B) Parvati

(C) Kali (D) Durga



BiharboardQuestionpaper.com

9. विजयनगर के कुदिरई चेट्टी कौन थे ?

(A) घोड़ों के व्यापारी (B) आभूषण विक्रेता

(C) कपड़ों के व्यापारी (D) कृषक

Who were Kudirai Chettis of Vijayanagara ?

(A) Horse traders (B) Jewellery seller

(C) Cloth merchant (D) Farmer

10. कृष्णदेवराय ने 'अमुक्तमल्यद' किस भाषा में लिखी ?

(A) तमिल (B) तेलुगु

(C) संस्कृत (D) कन्नड़

In which language did Krishnadevaraya write 'Amuktamalyada' ?

(A) Tamil (B) Telugu

(C) Sanskrit (D) Kannada

11. 1793 में जब बंगाल में स्थायी बंदोबस्त लागू किया गया तो वहाँ का गवर्नर जनरल कौन था ?

(A) वारेन हेस्टिंग्स (B) कार्नवालिस

(C) बुकानन (D) रिपन

Who was the Governor General of Bengal when the Permanent Settlement was introduced there in 1793 ?

(A) Warren Hastings (B) Cornwallis

(C) Buchanan (D) Ripon



BiharboardQuestionpaper.com

12. पाँचवीं रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में कब पेश किया गया ?

(A) 1793 (B) 1774

(C) 1813 (D) 1833

When was the Fifth report tabled in the British Parliament ?

(A) 1793 (B) 1774

(C) 1813 (D) 1833

13. 'पिट्स इंडिया ऐक्ट' कब पारित हुआ ?

(A) 1774 (B) 1784

(C) 1793 (D) 1813

When was the 'Pitt's India Act' passed ?

(A) 1774 (B) 1784

(C) 1793 (D) 1813

14. फ्रांसिस बुकानन कौन थे ?

(A) एक चिकित्सक (B) एक जमींदार

(C) एक व्यापारी (D) गवर्नर

Who was Francis Buchanan ?

(A) A doctor (B) A landlord

(C) A businessman (D) Governor



BiharboardQuestionpaper.com

15. संथाल विद्रोह कब हुआ था ?

(A) 1792-1793 (B) 1833-1834

(C) 1855-1856 (D) 1875-1876

When did the Santhal rebellion take place ?

(A) 1792-1793 (B) 1833-1834

(C) 1855-1856 (D) 1875-1876

16. अंग्रेजों ने 'दामिन-इ-कोह' में किस जनजाति को बसाया था ?

(A) संथालों को (B) पहाड़ियों को

(C) मुंडाओं को (D) इनमें से कोई नहीं

Which tribe did the British settle in 'Damin-i-Koh ?

(A) Santhals (B) Paharias

(C) Mundas (D) None of them

17. रैयतवाड़ी बंदोबस्त में भूमि का स्वामी कौन होता था ?

(A) किसान (B) जमींदार

(C) साहूकार (D) इनमें से कोई नहीं

Who was the owner of the land in the Ryotwari settlement ?

(A) Farmer (B) Landlord

(C) Moneylender (D) None of them



BiharboardQuestionpaper.com

18. 10 मई, 1857 को सिपाहियों ने कहाँ विद्रोह कर दिया ?

(A) दिल्ली (B) आगरा

(C) मेरठ (D) पटना

Where did the Sepoys revolt on 10th May, 1857 ?

(A) Delhi (B) Agra

(C) Meerut (D) Patna

19. 1856 में अवध के नवाब वाजिद अली शाह को अंग्रेजों ने किस आरोप में हटाया ?

(A) विद्रोही गतिविधियों के कारण

(B) कुशासन के कारण

(C) मराठों के विरुद्ध युद्ध में साथ नहीं देने के कारण

(D) इनमें से कोई नहीं

On what charges did the British remove Nawab Wajid Ali Shah of Awadh in 1856 ?

(A) Due to rebellious activities

(B) Due to misrule

(C) For not supporting in the war against Marathas

(D) None of these

20. किसे 'बंगाल आर्मी का पौधशाला' कहा जाता था ?

(A) कलकत्ता (B) अवध

(C) ढाका (D) दिल्ली

Who was called the 'Nursery of the Bengal Army' ?

(A) Calcutta (B) Awadh

(C) Dhaka (D) Delhi



BiharboardQuestionpaper.com

21. गाँधीजी किसके अनुरोध पर चम्पारण गए ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद
(B) जे०बी० कृपलानी
(C) राजकुमार शुक्ल
(D) तिलक

On whose request did Gandhiji go to Champaran ?

(A) Rajendra Prasad
(B) J.B. Kripalani
(C) Raj Kumar Shukla
(D) Tilak

22. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ था ?

(A) 13 अप्रैल, 1917
(B) 13 अप्रैल, 1918
(C) 13 अप्रैल, 1919
(D) 13 अप्रैल, 1920

When did the Jallianwala Bagh massacre happen ?

(A) 13th April, 1917
(B) 13th April, 1918
(C) 13th April, 1919
(D) 13th April, 1920

23. गाँधीजी की पुस्तक 'हिन्द स्वराज' कब प्रकाशित हुई ?

(A) 1906
(B) 1909
(C) 1915
(D) 1918

When was Gandhiji's book 'Hind Swaraj' published ?

(A) 1906
(B) 1909
(C) 1915
(D) 1918



BiharboardQuestionpaper.com

24. गाँधीजी द्वारा शुरू किया गया पहला जन आंदोलन कौन था ?

(A) स्वदेशी आंदोलन (B) असहयोग आंदोलन

(C) भारत छोड़ो आंदोलन (D) नमक आंदोलन

Which was the first mass movement started by Gandhiji ?

(A) Swadeshi movement (B) Non-cooperation movement

(C) Quit India movement (D) Salt movement

25. साइमन कमीशन में कुल कितने सदस्य थे ?

(A) एक (B) तीन

(C) पाँच (D) सात

How many members were there in Simon Commission ?

(A) One (B) Three

(C) Five (D) Seven

26. 'गाँधी एज महात्मा' पुस्तक के लेखक कौन थे ?

(A) शाहिद अमीन (B) एनी बेसेंट

(C) राजेन्द्र प्रसाद (D) सुमित सरकार

Who was the author of the book 'Gandhi as Mahatma' ?

(A) Shahid Amin (B) Annie Besant

(C) Rajendra Prasad (D) Sumit Sarkar



BiharboardQuestionpaper.com

27. कमलादेवी चट्टोपाध्याय गाँधीजी के किस आंदोलन में उनकी सहयोगी थीं ?

(A) चम्पारण आंदोलन (B) असहयोग आंदोलन

(C) भारत छोड़ो आंदोलन (D) सविनय अवज्ञा आंदोलन

Kamaladevi Chattopadhyay was Gandhiji's associate in which movement ?

(A) Champaran movement (B) Non-cooperation movement

(C) Quit India movement (D) Civil Disobedience movement

28. गाँधीजी कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में किस गोलमेज सम्मेलन में शामिल हुए ?

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) इनमें से कोई नहीं

Which Round Table Conference did Gandhiji attend as representative of Congress ?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) None of these

29. गाँधीजी और डॉ० अंबेडकर के बीच पूना समझौता कब हुआ ?

(A) 1931 (B) 1932

(C) 1933 (D) 1934

When was the Poona pact signed between Gandhiji and Dr. Ambedkar ?

(A) 1931 (B) 1932

(C) 1933 (D) 1934



BiharboardQuestionpaper.com

30. क्रिप्स मिशन कब भारत आया ?

(A) 1940 (B) 1941

(C) 1942 (D) 1943

When did Cripps Mission come to India ?

(A) 1940 (B) 1941

(C) 1942 (D) 1943

31. 'आइन-ए-अकबरी' किसने लिखा ?

(A) निज़ामुद्दीन अहमद (B) अब्बास खान सारवानी

(C) अब्दुल क़ादिर बदायूँनी (D) अबुल फ़ज़्ल

Who wrote 'Ain-i-Akbari ?

(A) Nizamuddin Ahmad (B) Abbas Khan Sarwani

(C) Abdul Qadir Badauni (D) Abul Fazl

32. मुग़ल काल के भारतीय-फ़ारसी स्रोत किसान को दर्शाने के लिए किस शब्द का इस्तेमाल करते थे ?

(A) रैयत (B) मुज़रियान

(C) आसामी (D) इनमें से सभी

Which term did Indo-Persian sources of the Mughal period use to denote peasants ?

(A) Ryot (B) Muzarian

(C) Asami (D) All of these



BiharboardQuestionpaper.com

33. 18वीं सदी में बंगाल में जमींदारों द्वारा दस्तकारों को सेवाओं के बदले दी जानेवाली नकदी की व्यवस्था क्या कहलाती थी ?

(A) मीरास (B) जजमानी

(C) वतन (D) इनमें से कोई नहीं

What was the system of cash payment made by landlords to artisans in exchange of their services in Bengal in the 18th century called ?

(A) Miras (B) Jajmani

(C) Watan (D) None of these

34. दान में दिया गया राजस्व अनुदान क्या कहलाता था ?

(A) अराज़ी (B) सुयूरग़ल

(C) नक़दी (D) जजमानी

What was the revenue grant given as charity called ?

(A) Arazi (B) Suyurghal

(C) Naqdi (D) Jajmani

35. अनन्नास, पपीता और मक्का भारत में कब से उपजाए जाते हैं ?

(A) 6ठी सदी (B) 12वीं सदी

(C) 14वीं सदी (D) 17वीं सदी

Since when are pineapple, papaya and maize grown in India ?

(A) 6th century (B) 12th century

(C) 14th century (D) 17th century



BiharboardQuestionpaper.com

36. गुलबदन बेगम ने किस ग्रंथ की रचना की ?

(A) बाबरनामा (B) हुमायूँनामा

(C) आलमगीरनामा (D) बादशाहनामा

Which text was composed by Gulbadan Begum ?

(A) Baburnama (B) Humayunama

(C) Alamgirnama (D) Badshahnama

37. बाबर ने बाबरनामा किस भाषा में लिखा ?

(A) फारसी (B) तुर्की

(C) उर्दू (D) हिब्रू

In which language did Babur write Baburnama ?

(A) Persian (B) Turkish

(C) Urdu (D) Hebrew

38. भारत में मुग़ल वंश का संस्थापक कौन था ?

(A) शेरशाह (B) अकबर

(C) हुमायूँ (D) बाबर

Who was the founder of Mughal dynasty in India ?

(A) Sher Shah (B) Akbar

(C) Humayun (D) Babur



BiharboardQuestionpaper.com

39. 'जीतल' किस धातु का बना सिक्का था ?

(A) सोना (B) ताँबा

(C) पीतल (D) चाँदी

'Jital' coin was made of which metal ?

(A) Gold (B) Copper

(C) Brass (D) Silver

40. 1556 में पानीपत की दूसरी लड़ाई में अकबर ने किसे हराया था ?

(A) हेमू (B) इब्राहिम लोदी

(C) नादिर शाह (D) बाजीराव

Whom did Akbar defeat in the second Battle of Panipat in 1556 ?

(A) Hemu (B) Ibrahim Lodi

(C) Nadir Shah (D) Bajirao

41. मानव द्वारा सर्वप्रथम किस धातु का उपयोग किया गया ?

(A) लोहा (B) ताँबा

(C) चाँदी (D) कांस्य

Which metal was first used by human ?

(A) Iron (B) Copper

(C) Silver (D) Bronze



BiharboardQuestionpaper.com

42. शोर्तुघई नामक हड़प्पा स्थल कहाँ स्थित है ?

(A) पंजाब (B) गुजरात

(C) राजस्थान (D) अफ़गानिस्तान

Where is the Harappan site called Shortughai located ?

(A) Punjab (B) Gujarat

(C) Rajasthan (D) Afghanistan

43. सिंधु घाटी सभ्यता से गोदी-बाड़े के साक्ष्य कहाँ मिले हैं ?

(A) बनावली (B) शोर्तुघई

(C) लोथल (D) चन्हुदड़ो

Where has the evidence of dockyard been found from Indus Valley Civilization ?

(A) Banawali (B) Shortughai

(C) Lothal (D) Chanhudaro

44. मेसोपोटामिया के लेख में मेलुहा किसे कहा गया है ?

(A) बहरीन (B) ओमान

(C) मिस्र (D) हड़प्पाई क्षेत्र

Which is referred to as Meluhha in Mesopotamian texts ?

(A) Bahrain (B) Oman

(C) Egypt (D) Harappan region



BiharboardQuestionpaper.com

45. फयॉन्स से बने लघु पात्र जो संभवतः सुंगधित द्रव्यों के पात्रों के रूप में प्रयुक्त होते थे, कहाँ मिले हैं ?

(A) हड़प्पा (B) मोहनजोदड़ो

(C) कालीबंगन (D) (A) और (B) दोनों

Where have miniature pots of faience probably used as perfume bottles been found ?

(A) Harappa (B) Mohenjodaro

(C) Kalibangan (D) Both (A) and (B)

46. एस०आर० राव द्वारा लोथल में खुदाई का आरंभ कब हुआ ?

(A) 1921 (B) 1925

(C) 1946 (D) 1955

When was the excavation at Lothal started by S.R. Rao ?

(A) 1921 (B) 1925

(C) 1946 (D) 1955

47. बौद्ध और जैन ग्रंथों में महाजनपदों की संख्या कितनी थी ?

(A) 6 (B) 12

(C) 16 (D) 18

What was the number of Mahajanapadas in Buddhist and Jain texts ?

(A) 6 (B) 12

(C) 16 (D) 18



BiharboardQuestionpaper.com

48. मौर्य साम्राज्य का संस्थापक कौन था ?

(A) चंद्रगुप्त मौर्य (B) अशोक

(C) बिंबिसार (D) अजातशत्रु

Who was the founder of Mauryan Empire ?

(A) Chandragupta Maurya (B) Ashoka

(C) Bimbisara (D) Ajatashatru

49. हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की खुदाई के समय भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल कौन थे ?

(A) कनिंघम (B) एस०आर० राव

(C) आर०ई०एम० व्हीलर (D) जॉन मार्शल

Who was the Director General of the Archaeological Survey of India at the time of excavation of Harappa and Mohenjodaro ?

(A) Cunningham (B) S.R. Rao

(C) R.E.M. Wheeler (D) John Marshall

50. धम्म महामात्त का क्या कार्य था ?

(A) धम्म का प्रचार (B) राजस्व संग्रह

(C) मंदिर निर्माण (D) इनमें से कोई नहीं

What was the function of Dhamma Mahamatta ?

(A) Propagation of Dhamma

(B) Revenue collection

(C) Construction of temple

(D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

51. लार्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा को खत्म करने के लिए कानून कब बनाए ?

(A) 1820 (B) 1829

(C) 1833 (D) 1839

When did Lord William Bentinck make laws to abolish the practice of Sati ?

(A) 1820 (B) 1829

(C) 1833 (D) 1839

52. बहादुरशाह ज़फर को अंग्रजों ने कहाँ निर्वासित कर दिया ?

(A) कलकत्ता (B) रंगून

(C) बम्बई (D) मद्रास

Where was Bahadur Shah Zafar exiled by the British ?

(A) Calcutta (B) Rangoon

(C) Bombay (D) Madras

53. 'द क्लिमेंसी ऑफ केनिंग' क्या था ?

(A) अखबार (B) कार्टून

(C) मूर्ति (D) कानून

What was 'The Clemency of Canning ?

(A) Newspaper (B) Cartoon

(C) Sculpture (D) Law



BiharboardQuestionpaper.com

54. किसने 1857 के विद्रोह को 'भारत का स्वाधीनता संघर्ष' कहा था ?

(A) डिसरायली (B) मार्क्स

(C) तिलक (D) सावरकर

Who called the Revolt of 1857 as 'India's Freedom Struggle' ?

(A) Disraili (B) Marx

(C) Tilak (D) Savarkar

55. 1858 में पील कमीशन का गठन किस उद्देश्य से किया गया था ?

(A) राजस्व व्यवस्था में सुधार (B) विद्रोहियों को सजा

(C) सेना का पुनर्गठन (D) शिक्षा का प्रसार

For what purpose was the Peel Commission formed in 1858 ?

(A) Reform in the revenue system

(B) Punishment of the rebels

(C) Reorganization of the army

(D) Spread of education

56. भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली कब स्थानान्तरित हुई ?

(A) 1909 (B) 1910

(C) 1911 (D) 1912

When was the capital of India shifted from Calcutta to Delhi ?

(A) 1909 (B) 1910

(C) 1911 (D) 1912



BiharboardQuestionpaper.com

57. 'फोर्ट सेंट जार्ज' किस शहर में स्थित है ?

(A) पांडिचेरी
(B) मद्रास
(C) कलकत्ता
(D) बम्बई

In which city is 'Fort Saint George' located ?

(A) Pondicherry
(B) Madras
(C) Calcutta
(D) Bombay

58. 'गेटवे ऑफ इण्डिया' का निर्माण किस स्थापत्य शैली में हुआ है ?

(A) नव गॉथिक
(B) इंडो-सारासेनिक
(C) नव शास्त्रीय
(D) द्रविड़ शैली

In which architectural style is the 'Gateway of India' built ?

(A) Neo-Gothic
(B) Indo-Saracenic
(C) Neo-Classical
(D) Dravidian style

59. भारत में नियमित दशकीय जनगणना कब प्रारंभ हुआ ?

(A) 1861
(B) 1871
(C) 1881
(D) 1891

When did the regular decennial census start in India ?

(A) 1861
(B) 1871
(C) 1881
(D) 1891



BiharboardQuestionpaper.com

60. महात्मा गाँधी एक मुकदमे के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका कब गए ?

(A) 1891 (B) 1893

(C) 1901 (D) 1906

When did Mahatma Gandhi go to South Africa in connection with a case ?

(A) 1891 (B) 1893

(C) 1901 (D) 1906

61. हरिषेण ने प्रयाग प्रशस्ति अभिलेख में किस शासक की प्रशंसा की है ?

(A) अशोक (B) समुद्रगुप्त

(C) चंद्रगुप्त (D) प्रभावती गुप्त

Which ruler has Harisena praised in the Prayaga Prashasti inscription ?

(A) Ashoka (B) Samudragupta

(C) Chandragupta (D) Prabhavati Gupta

62. गौतमी पुत्र सातकर्णी का संबंध किस राजवंश से था ?

(A) सातवाहन (B) कुषाण

(C) कण्व (D) शुंग

Gautamiputra Satakarni was related to which dynasty ?

(A) Satavahana (B) Kushana

(C) Kanva (D) Sunga



BiharboardQuestionpaper.com

63. तमिल संगम साहित्य में वेल्लालर किसे कहा जाता था ?

(A) किसान
(B) बड़े ज़मींदार
(C) हलवाहा
(D) दास

Who was called Vellalar in Tamil Sangam literature ?

(A) Peasants
(B) Large landowners
(C) Ploughmen
(D) Slaves

64. शिल्प उत्पादकों और व्यापारियों के संघ को क्या कहा जाता था ?

(A) श्रेणी
(B) सार्थवाह
(C) सेट्ठी
(D) इनमें से कोई नहीं

What was the organisations of craft producers and merchants called ?

(A) Guilds
(B) Sarthavahas
(C) Setthis
(D) None of these

BiharboardQuestionpaper.com

65. धर्मसूत्र और धर्मशास्त्र में विवाह के कितने रूपों को मान्यता दी गई ?

(A) दो
(B) चार
(C) आठ
(D) सोलह

How many forms of marriages have been recognised by Dharmasutras and Dharmashastras ?

(A) Two
(B) Four
(C) Eight
(D) Sixteen



BiharboardQuestionpaper.com

F

66. चीनी तीर्थयात्री ह्वेनसांग कब भारत आया ?

(A) दूसरी शताब्दी ई० (B) पाँचवीं शताब्दी ई०

(C) सातवीं शताब्दी ई० (D) आठवीं शताब्दी ई०

When did the Chinese pilgrim Hiuen Tsang come to India ?

(A) Second Century AD (B) Fifth Century AD

(C) Seventh Century AD (D) Eighth Century AD

67. ऋग्वेद का संकलन कब हुआ ?

(A) 2000 से 1500 ई०पू० (B) 1500 से 1000 ई०पू०

(C) 1000 से 500 ई०पू० (D) 500 से 100 ई०पू०

When was the Rigveda compiled ?

(A) 2000 to 1500 BC (B) 1500 to 1000 BC

(C) 1000 to 500 BC (D) 500 to 100 BC

68. हड़प्पाई लिपि में चिह्नों की संख्या लगभग कितनी है ?

(A) 100 (B) 200

(C) 300 (D) 400

What is the approximate number of symbols in the Harappan script ?

(A) 100 (B) 200

(C) 300 (D) 400



BiharboardQuestionpaper.com

69. उज्जयिनी किस महाजनपद की राजधानी थी ?

(A) चेदि (B) वत्स

(C) अवन्ति (D) मत्स्य

Ujjaini was the capital of which Mahajanapada ?

(A) Chedi (B) Vatsa

(C) Avanti (D) Matsya

70. कुषाण शासक अपने नाम के आगे कौन सी उपाधि लगाते थे ?

(A) देवपुत्र (B) स्वर्गपुत्र

(C) देवराज (D) विक्रमादित्य

Which title did the Kushana rulers use before their names ?

(A) Devaputra (B) Swargaputra

(C) Devaraja (D) Vikramaditya

71. पुरी के जगन्नाथ मंदिर में किस देवता की पूजा होती थी ?

(A) कृष्ण (B) बलराम

(C) सुभद्रा (D) इनमें से सभी

Which god was worshipped in the Jagannatha temple of Puri ?

(A) Krishna (B) Balarama

(C) Subhadra (D) All of them



BiharboardQuestionpaper.com

72. नयनार किस देवता की उपासना करते थे ?

(A) ब्रह्मा (B) विष्णु

(C) शिव (D) अग्नि

Which god was worshipped by the Nayanars ?

(A) Brahma (B) Vishnu

(C) Shiva (D) Agni

73. बारहवीं शताब्दी में कर्नाटक में वीरशैव परंपरा का नेतृत्व किसने किया ?

(A) अप्पार (B) सुंदरार

(C) करइक्काल अम्मइयार (D) बासवन्ना

Who led the Virashaiva tradition in Karnataka in twelfth century ?

(A) Appar (B) Sundarar

(C) Karaikkal Ammaiyar (D) Basavanna

74. निम्नलिखित में से कौन अलवार संतों की रचना है ?

(A) तवरम (B) नलयिरा दिव्यप्रबंधम्

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the composition of Alvar saints ?

(A) Tevaram (B) Nalayira Divyaprabandham

(C) Both (A) and (B) (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

75. फारस से आनेवाले मुसलमानों को क्या कहा जाता था ?

(A) तुरुष्क (B) ताजिक

(C) पारसीक (D) इनमें से कोई नहीं

What were the Muslims coming from Persia called ?

(A) Turushka (B) Tajika

(C) Parashika (D) None of these

76. शेख निज़ामुद्दीन औलिया का दरगाह कहाँ था ?

(A) अजमेर (B) दिल्ली

(C) पटना (D) बिहार शरीफ

Where was the Dargah of Shaikh Nizamuddin Aulia ?

(A) Ajmer (B) Delhi

(C) Patna (D) Bihar Sharif

77. आदि ग्रंथ साहिब का संकलन किसने किया ?

(A) गुरु नानक (B) गुरु गोबिन्द सिंह

(C) गुरु तेग़ बहादुर (D) गुरु अर्जन देव

Who compiled the Adi Granth Sahib ?

(A) Guru Nanak (B) Guru Gobind Singh

(C) Guru Tegh Bahadur (D) Guru Arjan Dev



BiharboardQuestionpaper.com

78. वीरशैव परंपरा के वचन किस भाषा में रचित हैं ?

(A) तमिल (B) कन्नड़

(C) तेलुगु (D) मराठी

In which language are the Vachanas (sayings) of the Virashaiva tradition composed ?

(A) Tamil (B) Kannada

(C) Telugu (D) Marathi

79. कबीर से संबंधित दोहे किस पुस्तक में संकलित किए गए हैं ?

(A) बीजक (B) कबीर ग्रंथावली

(C) आदि ग्रंथ साहिब (D) इनमें से सभी

Verses ascribed to Kabir have been compiled in which book ?

(A) Bijak (B) Kabir Granthavali

(C) Adi Granth Sahib (D) All of these

80. सिख गुरुओं के अलावा किन संतों की वाणी 'आदि ग्रंथ साहिब' में संकलित हैं ?

(A) बाबा फरीद (B) रविदास

(C) कबीर (D) इनमें से सभी

Apart from the Sikh Gurus the words of which saints are compiled in the 'Adi Granth Sahib' ?

(A) Baba Farid (B) Ravidas

(C) Kabir (D) All of them



BiharboardQuestionpaper.com

81. सितम्बर, 1942 में आजाद हिन्द फौज का गठन किसने किया ?

(A) रास बिहारी बोस (B) सुभाष चन्द्र बोस

(C) रास बिहारी घोष (D) मोहन सिंह

Who formed the Azad Hind Fauj in September, 1942 ?

(A) Rash Behari Bose (B) Subhash Chandra Bose

(C) Rash Behari Ghosh (D) Mohan Singh

82. कैबिनेट मिशन योजना के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) लॉरेंस (B) क्रिप्स

(C) वैवेल (D) अलेक्जेण्डर

Who was the Chairman of the Cabinet Mission Plan ?

(A) Lawrence (B) Cripps

(C) Wavell (D) Alexander

83. मुस्लिम लीग ने प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस कब मनाया ?

(A) 16 अगस्त, 1945 (B) 16 अगस्त, 1946

(C) 17 अगस्त, 1945 (D) 17 अगस्त, 1946

When did Muslim League obseved Direct Action day ?

(A) 16th August, 1945 (B) 16th August, 1946

(C) 17th August, 1945 (D) 17th August, 1946



BiharboardQuestionpaper.com

84. भारत की आजादी के समय ब्रिटेन में किसकी सरकार थी ?

(A) लेबर पार्टी
(B) लिबरल पार्टी
(C) रिपब्लिक पार्टी
(D) डेमोक्रेटिक पार्टी

Whose government was in power in Britain at the time of India's independence ?

(A) Labour Party
(B) Liberal Party
(C) Republic Party
(D) Democratic Party

85. संविधान सभा का गठन किस योजना के तहत किया गया ?

(A) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
(B) माउंटबेटन योजना
(C) कैबिनेट मिशन योजना
(D) वैवेल योजना

Under which plan was the Constituent Assembly formed ?

(A) Indian Independence Act, 1947
(B) Mountbatten Plan
(C) Cabinet Mission Plan
(D) Wavell Plan

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

86. संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) सच्चिदानंद सिन्हा

(C) बी०आर० अम्बेडकर (D) अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर

Who was the Chairman of the drafting committee of the constitution ?

(A) Rajendra Prasad (B) Sachchidanand Sinha

(C) B.R. Ambedkar (D) Alladi Krishnaswamy Iyer

87. भारत के राष्ट्रीय ध्वज का प्रस्ताव संविधान सभा में किसने प्रस्तुत किया ?

(A) वल्लभभाई पटेल (B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) के०एम० मुंशी

Who presented the proposal for the National Flag of India in the Constituent Assembly ?

(A) Vallabhbhai Patel (B) Rajendra Prasad

(C) Jawaharlal Nehru (D) K.M. Munshi

88. अंतरिम सरकार में वित्तमंत्री कौन थे ?

(A) लियाकत अली खान (B) जगजीवन राम

(C) सी०एच० भाभा (D) बी०आर० अम्बेडकर

Who was the Finance Minister in the interim government ?

(A) Liaquat Ali Khan (B) Jagjivan Ram

(C) C.H. Bhabha (D) B.R. Ambedkar



BiharboardQuestionpaper.com

92. पांचवीं सदी का मंदसौर अभिलेख जिसमें रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का वर्णन मिलता है, कहाँ मिला है ?

(A) राजस्थान (B) मध्य प्रदेश

(C) कर्नाटक (D) गुजरात

Where was the 5th Century Mandsaur inscription found which describes a guild of silk weavers ?

(A) Rajasthan (B) Madhya Pradesh

(C) Karnataka (D) Gujarat

93. प्राचीन भारत में जैन विद्वानों ने किस भाषा में साहित्य लिखा ?

(A) प्राकृत (B) संस्कृत

(C) तमिल (D) इनमें से सभी

In which language did Jain scholars write literature in ancient India ?

(A) Prakrit (B) Sanskrit

(C) Tamil (D) All of these

94. बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) लुम्बिनी (B) वैशाली

(C) सारनाथ (D) बोधगया

Where was Buddha born ?

(A) Lumbini (B) Vaishali

(C) Sarnath (D) Bodh Gaya



BiharboardQuestionpaper.com

F

95. एलोरा के कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किस राजवंश के शासनकाल में हुआ ?

(A) राष्ट्रकूट (B) चोल

(C) पल्लव (D) सातवाहन

The Kailashnath Temple of Ellora was built during the reign of which dynasty ?

(A) Rashtrakuta (B) Chola

(C) Pallava (D) Satavahana

96. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे ?

(A) महावीर (B) पार्श्वनाथ

(C) अजितनाथ (D) ऋषभदेव

Who was the first tirthankara of Jainism ?

(A) Mahavira (B) Parshvanatha

(C) Ajitanatha (D) Rishabhdeva

97. अल-बिरुनी को कौन बंधक बनाकर ख़्वारिज़्म से ग़जनी ले गया ?

(A) सुल्तान महमूद (B) मुहम्मद गोरी

(C) बलबन (D) मुहम्मद बिन तुग़लक

Who took Al-Beruni as a hostage from Khwarizm to Ghazni ?

(A) Sultan Mahmud (B) Muhammad Ghori

(C) Balban (D) Muhammad Bin Tughlaq



BiharboardQuestionpaper.com

98. रिहला के लेखक कौन थे ?

(A) अल बिरुनी (B) बर्नियर

(C) अब्दुर रज़्ज़ाक (D) इब्न बतूता

Who was the author of Rihla ?

(A) Al-Beruni (B) Bernier

(C) Abdur Razzaq (D) Ibn Battuta

99. फ्रांस्वा बर्नियर कौन था ?

(A) चिकित्सक (B) राजनीतिक दार्शनिक

(C) इतिहासकार (D) इनमें से सभी

Who was Francois Bernier ?

(A) Doctor (B) Political philosopher

(C) Historian (D) All of these

100. मुग़ल शहरों को किसने 'शिविर नगर' कहा ?

(A) इब्न बतूता (B) बर्नियर

(C) टैवर्नियर (D) बारबोसा

Who called Mughal cities as 'Camp towns' ?

(A) Ibn Battuta (B) Bernier

(C) Tavernier (D) Barbosa



BiharboardQuestionpaper.com

F

## खण्ड - ब / SECTION - B

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है । अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें ।   15 × 2 = 30

Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type Questions. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Answer in not more than 50 words each.   15 × 2 = 30

1. चौरी-चौरा की घटना क्या थी ?

   What was the Chauri-Chaura incident ?

2. दूसरा गोलमेज सम्मेलन क्यों असफल हुआ ?

   Why did the Second Round Table Conference fail ?

3. सुभाष चन्द्र बोस ने फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना क्यों की ?

   Why did Subhash Chandra Bose found the Forward Bloc ?

4. 1857 के विद्रोह के लिए डलहौजी की कौन दो नीतियाँ जिम्मेदार थीं ?

   Which two policies of Dalhousie were responsible for the Revolt of 1857 ?

5. चॉल इमारतें क्या थीं ?

   What were Chawl buildings ?

6. जलियाँवाला बाग हत्याकांड क्यों हुआ ?

   Why did the Jallianwala Bagh massacre take place ?

7. आहत सिक्के क्या थे ?

   What were Punchmarked coins ?

8. वर्ण व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

   What do you understand by Varna system ?



BiharboardQuestionpaper.com

9. स्त्रीधन क्या होता था ?

What was Women's wealth (Streedhan) ?

10. हिन्दू महासभा की स्थापना कब और क्यों हुई ?

When and why was Hindu Mahasabha established ?

11. सरदार वल्लभभाई पटेल ने अल्पसंख्यकों के लिए पृथक निर्वाचिका के प्रस्ताव का विरोध क्यों किया ?

Why did Sardar Vallabhbhai Patel oppose the proposal of separate electorate for the minorities ?

12. हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए संविधान सभा में क्या माँग रखी ?

What demand did Hansa Mehta put forward for women in the Constituent Assembly ?

13. चाचर और बंजर भूमि किसे कहते थे ?

What were called Chachar and Banjar lands ?

14. लगान वसूली के लिए खेत बटाई और लाँग बटाई पद्धति क्या थी ?

What were the Khet-batai and Lang-batai systems for revenue collection ?

15. अकबर ने सुलह-ए-कुल के विचार को किस प्रकार अपनी राज्य नीति का आधार बनाया ? दो उदाहरण दें।

How did Akbar make the idea of 'Sulh-e-Kul' the basis of his state policy ? Give two examples.

16. इब्न बतूता ने दास प्रथा के संबंध में क्या लिखा है ?

What did Ibn Battuta write regarding slavery ?

17. अल-बिरुनी ने जाति व्यवस्था के संबंध में क्या लिखा है ?

What did Al-Beruni write regarding caste system ?

18. सगुण भक्ति परम्परा क्या है ?

What is the Sagun Bhakti tradition ?



BiharboardQuestionpaper.com

19. किन्हीं चार अलवार संतों के नाम लिखें ।

Write the names of any four Alvar saints.

20. गोपुरम् और मण्डप क्या है ?

What are Gopuram and Mandapa ?

21. आयंगर व्यवस्था क्या है ?

What is Ayangar system ?

22. सिन्धु घाटी सभ्यता में उत्पादित होने वाले चार प्रमुख कृषि उत्पादों के नाम लिखें ।

Name four major agricultural products produced in the Indus Valley Civilization.

23. सिन्धु घाटी सभ्यता की जल निकासी प्रणाली की दो विशेषताएँ लिखें ।

Write two features of the drainage system of Indus Valley Civilization.

24. किन्हीं चार महाजनपदों के नाम लिखें ।

Write the names of any four Mahajanapadas.

25. स्थायी बंदोबस्त कब और किस क्षेत्र में लागू किया गया ?

When and in which area was the Permanent settlement implemented ?

26. 'दक्कन दंगा आयोग' का गठन क्यों किया गया ?

Why was the 'Deccan Riots Commission' formed ?

27. सहायक संधि किसने और कब लागू की ?

Who implemented the subsidiary alliance and when ?

28. थेरीगाथा क्या है ?

What is the Therigatha ?

29. लिंगायत संप्रदाय से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by Lingayat sect ?

30. महावीर स्वामी के पंच महाव्रत क्या हैं ?

What are the Panch Mahavratas of Mahavir Swami ?



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है । 100 - 120 शब्दों में प्रत्येक का उत्तर दें ।** **4 × 5 = 20**

*Question Nos. 31 to 38 are Long Answer Type Questions. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Answer in not more than 100 - 120 words each.* 4 × 5 = 20

31. गुप्तकाल को 'भारत का स्वर्ण युग' क्यों कहा जाता है ?

    Why is the Gupta period called the 'Golden age of India' ?

32. सिन्धु घाटी सभ्यता के पतन के कारणों की समीक्षा करें ।

    Review the causes for the decline of the Indus Valley Civilization.

33. गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का वर्णन करें ।

    Describe the teachings of Gautam Buddha.

34. भक्ति आंदोलन को किन तत्वों ने प्रभावित किया ?

    Which elements influenced the Bhakti movement ?

35. विजयनगर साम्राज्य की सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालें ।

    Throw light on the cultural achievements of the Vijayanagara Empire.

36. 1857 के विद्रोह के प्रमुख कारणों की विवेचना करें ।

    Discuss the main causes of the Revolt of 1857.

37. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालें ।

    Throw light on the significance of the Quit India Movement of 1942.

38. भारत के संविधान की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें ।

    Describe the main features of the Constitution of India.

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...



BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com